## सीईओ के आदेश का जांच टीम ने बनाया मजाक, दस महीने फाइल दबा कर रखी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिछुआ में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति कड़िया द्वारा ग्राम पंचायत में किए गए निर्माण कार्यों की जांच के लिए 17 /09/2024 को पत्र के माध्यम से भ्रष्टाचार की जांच के लिए मांग की थी।

जिसमें जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार द्वारा एक टीम गठित की गई । सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (मनरेगा) जिला पंचायत नरसिंहपुर और जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षड़ जिला पंचायत नरसिंहपुर को जांच टीम में शामिल किया। लेकिन द्वारा जिला पंचायत सीईओ के आदेश को मजाक बना कर 10 महीने तक फाइल दबा दी गई। जिला पंचायत कार्यालय में धूल खा रही है। लेकिन अभी तक शिकायत की जांच की शुरुआत नहीं हो पाई है। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में भेजे गए राशि का दुरुपयोग कर पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा समस्त निर्माण कार्यों की भ्रष्टाचार किए जाने के संबंध में शिकायत हुई थी। लेकिन आज पर्यंत तक 10 महीने बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत

### मामला ग्राम पंचायत बिछुआ का

अधिकारी सीईओ द्वारा टीम गठित कर 7 दिवस के अंदर जांच करके प्रस्तुत कर का आदेश दिया गया था परंतु जांच करने के बजाय जाँच दबी पड़ी है।

बताया जाता है कि अधिकारियों पर दबाव है जिसके कारण जांच नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है जिसके चलते उनको बचाने की कोशिश की जा रही है जबकि शिकायतकर्ता कोई और नहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोडिया ही है, उसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही सूचना के अधिकार तहत जब जानकारी मांगी तो पता चला कि जांच टीम द्वारा जिला पंचायत सीईओ के आदेश का मजाक बना गया है, जब जांच टीम से जानकारी चाही तो अन्य कार्यों का बहाना कर आपने कर्तव्य से इतिश्री हो गए। बावजूद किसी प्रकार की जांच में कार्यवाही होते नहीं दिख रही है ।

सामान्य पत्रकार अभय तिवारी ने बतया कि पंचायत सचिव सत्ता की पहुंच बता कर जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार करते हैं। इसकी शिकायत करते हैं थक गए हैं लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। जब जिला पंचायत अध्यक्ष का यह हालत है आम आदमी का क्या होता होगा, आगे देखो जांच होती है कि फाइल को दीमक खाती है।

## लोकतंत्र सेनानी संघ के सम्मान में किया पौधरोपण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष संविधान हत्या दिवस 25 जून को आपातकाल का काले दिन के उपलक्ष्य में आपातकाल के दौरान राष्ट्र रक्षा के लिए अपनी प्राणो की आहुति देने वाले मीसा बंदी लोकतंत्र सेनानी संघ के सम्मान में भाजपा सिंहपुर मंडल द्वारा वैद्य बाबू के बगीचा में वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष रामसनेही पाठक ने कहा कि 197 5 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल लगाकर लोगों को अधिकारों से वंचित किया था।

मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र जाट ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र के विपरीत कार्य किया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनंत दुबे ,जिला कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला प्रभारी नीलकमल जैन,कार्यक्रम मंडल प्रभारी उपेंद्र महाजन, सुदर्शन वैद्य, लाल साहब जाट, प्रकाश जाट, प्रमेश शंकर शर्मा, विश्वेंद्र जाट, तोड़ल नामदेव , एस के चतुर्वेदी, रविंद्र जाट, महाकाल महाराज भगवानदास राय, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष कमलेश मलैया, जिला संयोजक भाजपा श्रीकांत श्रीवास्तव, सरपंच मिथलेश जाट, राम नेता, लक्ष्मद्यण सिंह, अजीत जाट लक्ष्मण वैष्णव, विजय चौधरी, संदीप जैन, मंडल महामंत्री सूर्य प्रकाश स्वामी, अमित मेहरा, सोनू पटेल सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जिले में अब तक 109.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 25 जून तक की अवधि में औसत रूप से कुल 109.2 मिमी अर्थात 4.29 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 25 जून की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 8.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 3 मिमी, गाडरवारा में 23 मिमी, गोटेगांव में 6 मिमी, करेली में 3 मिमी और तेंदूखेड़ा में 7 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जून तक तहसील नरसिंहपुर में 111 मिमी, गाडरवारा में 74, गोटेगांव में 99 मिमी, करेली में 92 मिमी और तेंदूखेड़ा में 170 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 40.80 मिमी अर्थात 1.61 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 31 मिमी, गाडरवारा में 79 मिमी, गोटेगांव में 62 मिमी, करेली में 7 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 25 मिमी वर्षा हुई थी।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया तालाब व अन्य निर्माण कार्यो का अवलोकन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने जिले की जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत बोदरी,निवारी और खिरिया पहुंचकर यहाँ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अभियान से जुड़ी विभिन्न जानकारी ली और संबंधित अमले को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद, मैदानी स्तर का अमला और ग्रामीणजन मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान यहां मौजूद हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि इन संरचनाओं का उपयोग हितग्राही मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन जैसे कार्यों के साथ खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसका लाभ यह है कि जल संरक्षण से खेती को पर्याप्त पानी मिलेगा और भू- जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होगी।उन्होंने यहाँ मौजूद स्थानीय अमले को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरचनाओं का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए।

### साईखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायतों में किया निर्माण कार्यो का निरीक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत बोदरी, निवारी और खिरिया पहुंचकर यहाँ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अभियान से जुड़ी विभिन्न जानकारी ली और संबंधित अमले को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद, मैदानी स्तर का अमला और ग्रामीणजन मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान यहां मौजूद हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि इन संरचनाओं का उपयोग हितग्राही मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन जैसे कार्यों के साथ खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसका लाभ यह है कि जल संरक्षण से खेती को पर्याप्त पानी मिलेगा और भू- जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने यहाँ मौजूद स्थानीय अमले को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरचनाओं का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए।

### दिव्यम सेवा समिति ने किया पौधरोपण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में धार्मिक, सामाजिक, सास्कृतिक व सेवा कार्यों मे निरंतर अग्रणी संस्था दिव्यम सेवा समिति द्वारा पौधरोपण करके जन सेवा कार्य किया गया है, इस अवसर पर समिति की प्रमुख श्रीमती सुषमा साहू, पूनम, काजल संगीता, पूजा, रेखा आदि सदस्यो की उपस्तिथि रही।

## भाजपा ने मनाई आपातकाल की 50वीं बरसी



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल की 50वीं बरसी पर स्थानीय मुसरान पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुखिया श्रीमति इन्द्रा गांधी द्वारा अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु संविधान की हत्या कर देश भर में इमरजेंसी लागू की गई थी जिसमें भिन्न विचार धारा के निर्दोश लोगों को बिना किसी कारण के जेल में बंद किया गया एवं यातनाएं देकर प्रताड़ित किया । पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने कहा कि श्रीमति गांधी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा रद्द किये गये चुनाव से बचने के लिए बिना केबिनेट की अनुशंसा के मध्य रात्रि में संपूर्ण भारत में आपात काल लगा दिया था। जिसके कारण पूरा देश कारागार बन गया था।

**स्मृति में रोपे गये पौधे एवं किया सम्मान** - आपाताकल की 50वीं बरसी के अवसर पर कांग्रेस की प्रताणना झेलने वाले लोकतंत्र सेनानियों की याद में

### लोकतंत्र सेनानियों की स्मृति में रोपे गये पौधे

उनके परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया। तत्पश्चात् मीसा बंदी परिवार सदस्य संध्या कोठारी, जनरल सिंह सरदार, अजय शर्मा, नीलकमल जैन, संदीप जैन, नीरज नेमा, गोलू राय का माला एवं शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री मयंक जैन व आभार रचना वर्मा ने किया । कार्यक्रम संयोजक एवं जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, राघवेन्द्र जाट, पार्षद संतोष चौकसे, बबीता जाट, रोशन राजपूत, उपेन्द्र महाजन, लक्ष्मण कोरी, अरविन्द नोरिया, राजा साहू, गौरव तिवारी, गोलू राय, अभिषेक नेमा, बबीता नेमा, सुशील नेमा, सविता अग्रवाल, सोनू विश्वकर्मा, सोनू सोनी गुप्ता, सुरेश बैरागी, नीलेश सोनी, अमन चौरसिया, डब्बू नामदेव गुड्डा यादव, संजय नामदेव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेल यात्री का किया गया इलाज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बुधवार को. ट्रैन नंबर 11062अप पवन. कोच नंबर एस 3 सीट नंबर 01 यात्री के नाम जुबेर उम्र 57 मेल. पीएनआर नंबर 6154177601. यात्रा के स्थान लोकमान्य तिलक से मुंबई यात्री को यात्रा के दौरान सांस लेने में तकलीफ होने से दम घुटने लगा था। डिप्टी कमर्शियल नरसिंहपुर से सूचना प्राप्त होते ही यात्री से फोन पर संपर्क किया गया।



यात्री को गंभीर स्थिति देखते हुए. अर्जेंट इलाज की जरूरत थी। इस कंडीशन में यात्री को नेबुलाइजेशन के द्वारा. तत्काल इलाज देना था एवं नेबुलाइजेशन से टाइम परमिशन के लिए कमर्शियल जबलपुर से संबद्ध किया गया. ट्रेन में पावर प्लग न होने एवं प्लेटफार्म नंबर दो पर पावर प्लग न होने पर. प्लेटफार्म नंबर 1 में यात्री को नेबुलाइजेशन देने की तैयारी की गई। रेल चिकित्सक डॉक्टर आर आर कुर्रे. ने. पूरी तैयारी के साथ ट्रेन के आते ही. तुरंत यात्री को जांच किया गया। जांच उपरांत पाया गया कि यात्री पोस्ट ओपेरेटिव. एवं ट्रैकिंस्टोमोय कैंसर मरीज था। जिसके दोनों फेफड़ा मे कंजेशन संक्रमण के कारण. सांस लेने में अत्यधिक गंभीर स्थिति था. तत्काल उसको इलाज दिया गया एवं अन्य दवा देकर के यात्री को आराम होने के उपरांत आगे की यात्रा के लिए सलाह दिया गया। यात्री को नरसिंहपुर स्टेशन उतरने के लिए. चिकित्सक ने सलाह दिया परंतु यात्री आगे की यात्रा अपनी मर्जी से करने के लिए लिखित सहमति दिया गया।

## 3 जुलाई को निकलेगी रथ यात्रा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के तत्वाधान में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर इस्कॉन मंदिर परिवार रथ यात्रा 3 जुलाई को निकली जाएगी । जानकारी अनुसार यह रथ यात्रा 3 जुलाई को दोपहर 2 से सुभाष पार्क चौराहे से प्रारंभ होगी । सिंहपुर चौराहा राम मंदिर से होते हुए स्टेशन पर जाकर संपन्न होगी। रथ यात्रा में सभी से उपस्थित की अपील गिरीश पटेल ,कैलाश नेमा , दिनेश पटेल , डॉ प्रियंक शर्मा , निर्मल वासवानी, धर्मेंद्र मानसाता आदि ने की गई है।

## सेडमैप में आउटसोर्स की भर्ती में अनियमितताओं की शिकायत, जांच की मांग

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सेडमैप उद्यमिता विकास केंद्र के अंतर्गत सीखो कमाओ योजना में आउटसोर्स की भर्ती में बड़ी पैमाने पर गड़बड़ियां की शिकायत डॉ. पुरुषोत्तम सिंह द्वारा की गई हैं। जिनकी जांच की मांग मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और लोकायुक्त को भेजे शिकायत पत्र में की गई है।

बताया जाता है की सेडमैप में पिछले दिनों आउटसोर्स के तहत कुछ भर्तियां की गई थी। यहां 6 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई थीं लेकिन इन पदों के विरुद्ध अधिकारियों ने मनमाने ढंग से 10 पदों पर ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति कर दी जो पात्र नहीं है। इस सिलसिले में एक आवेदक ने भी आवेदन दिया था जब पात्र रहने के बाद भी उसका चयन नहीं हुआ तो उन्होंने इस सिलसिले में संबंधित विभाग से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी । आरोप है कि जानकारी आधी अधूरी और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर दी गई । आरटीआई के तहत अभ्यर्थियों की जानकारी में यह भी खुलासा हुआ कि रिक्त पदों के लिए जिन्होंने आवेदन नहीं दिए उनको नियुक्तियां दी गई है। मसलन कोऑर्डिनेटर के पद पर चयनित व्यक्ति को योजना के तहत एक्सपर्ट के पद पर नियुक्ति दे दी गई, जो कि नियम विपरीत है। शिकायत के अनुसार ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी गई हैं जिनके लिए सेडमैप और संबंधित एजेंसी के द्वारा पदों पर भर्तियां निकाली ही नहीं गई। इस सिलसिले में आवेदक डॉ. पुरुषोत्तम सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री ,लोकायुक्त एवं अपराध नियंत्रण प्रकोष्ठ में भी लिखित शिकायत की गई।

साक्ष्यों के साथ की गई शिकायत में यह मांग की गई है कि उच्च स्तरीय जांच की जाए और उसे न्याय दिलाया जाए । आरोप यह भी हैं कि कौशल विकास संचालनालय के अधिकारियों के द्वारा इस सिलसिले में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आवेदक द्वारा की गई शिकायत के समाधान के सिलसिले में गलत जानकारी दी जा रही है।

## अखिल भारतीय कौरव महासभा ने किया प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते रविवार को स्थानीय नमामि पैलेस में अखिल भारतीय कौरव महासभा द्वारा कौरव समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के लिए सम्मान एवं मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10 वी तथा 12 वी की बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सामाजिक प्रतिभा छात्र छात्राओं जो करीब 112 की संख्या में थे को अतिथियों एवं सामाजिक बंधुओ ने मैडल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कौरव महासभा के पदाधिकारियों द्वारा समाज के आराध्य भीष्म पितामह के चित्र का पूजन कर किया गया।तदोपरान्त उपस्थित जनों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया एवं छात्राओं मधु कौरव एवं कात्यायिनी कौरव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सेवा निवृत शिक्षक गणेश कौरव द्वारा पचास हजार रुपए की राशि सामाजिक हित के लिए महासभा को दिए जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने अपने उदबोधन में कहा कि समाज मे लाडली बेटियां पढ़ाई मे लगातार उन्नति कर रही है। प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित कर प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि इन छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन की जरूरत है जिससे की वे आगे चलकर समाज को गौरवान्वित करें। कौरव महासभा के प्रदेश प्रतिनिधि राव वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान करने से उनके मनोबल मे वृद्धि होती है। हमारी समाज के युवा अच्छा कार्य कर रहे है।

कौरव महासभा जिला अध्यक्ष राव पवन सिँह ने कहा कि हम सभी को अपने नाम के पीछे कौरव शब्द जरूर लगाना चाहिए। हमारी समाज का हमेशा गौरवशाली इतिहास रहा है। कार्यक्रम मे अधिवक्ता विक्रांत कौरव ने सम्पूर्ण आयोजन की रुपरेखा से अवगत कराया।

कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष गिरिजाशंकर पगुआ, आत्माराम ममार, महेंद्र तहिया, ओमजी कौरव, मनोज कौरव, अरविन्द कौरव, प्राचार्य प्रहलाद सिंह कौरव, राजेंद्र कौरव, मुकेश मरैया, राव संदीप सिंह चंद्रकांत कौरव, प्रवीण कौरव, युवा सभा जिला अध्यक्ष अभिषेक कौरव, ध्यान सिंह कौरव,छात्र दिव्यांश कौरव, ऋषिका कौरव, खुशी कौरव सहित अन्य वक्ताओ ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव सोमनाथ कौरव ने किया। कार्यक्रम मे राव सुरेन्द्र सिंह, पूर्व युवा सभा जिला अध्यक्ष राव शैलेश सिंह, हरिप्रताप ममार, सतीश कौरव, नरेंद्र पटैल, विजेंद्र कौरव, महेन्द्र कौरव, सतीश कौरव, नीरज कौरव, अनुज ममार, दीपक कौरव, राजेंद्र कौरव, आकाश सिंह कौरव, संदीप कौरव, बाबा कौरव, मोनू कौरव, राजा कौरव अनीश कौरव उपस्थित रहे।

### त्रुटी सुधार सूचना

**मैं अनीस गुर्जर पिता रामरतन गुजर बांसखेड़ा तहसील गाडरवारा का निवासी हूं। मेरी जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम शिवांश उर्फ अनीस गुर्जर लिखा गया है जो कि गलत है। इस जन्म प्रमाण पत्र से मेरे नाम के साथ लिखा गया शिवांश शब्द को हटाया जाए। अतः मेरा सही नाम अनीश गुर्जर है और इसे ही पढ़ा एवं समझा जावें।**

**प्रार्थी**
**अनीश गुर्जर पिता राम रतन गुर्जर पता ग्राम बांसखेड़ा**
**तहसील गाडरवारा**
**जिला नरसिंहपुर**

### आम सूचना

मैं वीरेन्द्र लोधी पिता श्री हरिओम लोधी उम्र 45 वर्ष, ग्राम सिहौरा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र का निवासी हूं। मेरी पत्नि का नाम श्रीमति राजेश्वरी लोधी है। शपथकर्ता के पुत्र प्रियांश लोधी का जन्म दिनांक 1.1.2008 को रेवाश्री हॉस्पिटल नरसिंहपुर में हुआ था। नगर पालिका नरसिंहपुर द्वारा पुत्र का आज दिनांक तक जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय नही किया गया है एवं मुझ शपथकर्ता के द्वारा पुत्र का भूलवश समय अवधि के दौरान मेरा जन्म पंजीयन नही करवाया गया है। पुत्र के जन्म के समय हॉस्पिटल रिकार्ड में पुत्र का नाम त्रुटिवश प्रियकांत नगपुरिया दर्ज है जो कि गलत है जबकि पुत्र का सही नाम प्रियांश लोधी है। जो कि सत्य व सही है। मैं अपने पुत्र प्रियांश लोधी का प्रथम बार जन्म पंजीयन करवाकर पुत्र प्रथम बार जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता हूं। इस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

वीरेन्द्र लोधी

## 21वीं सदी के कौशलों को जान रहे पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संचालक, राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देश के परिपालन एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य एम एस खान के मार्गदर्शन में जिले कें पीएमश्री विद्यालय के शिक्षकों को दो विषयों 21 वी. सेंचुरी स्किल्स एवं सिटीजन स्किल्स पर आधारित दस दिवसीय प्रशिक्षण डाइट नरसिंहपुर में तीन चरणो में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में जिले के पी एम श्री विद्यालय के 275 शिक्षक सहभागिता सुनिश्चित करेंगे प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 80 शिक्षक सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण प्रभारी डाइट व्याख्याता संजय शर्मा ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य एक है अथवा अनेक, यह शाश्वत् है अथवा परिवर्तनशील, इसका संबंध व्यक्ति से अथवा समाज से, शिक्षा जीविकोपार्जन के लिए है। डाइट व्याख्याता गोविंद बड़कुर ने प्रशिक्षण के दौरान पूर्ण व्यक्तित के विकास के लिए शिक्षा का उद्देश्य बताया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ललित दुबे, बलिराम अहिरवार, दीपक ठाकुर, अर्चना कहार के द्वारा प्रशिक्षण विषय पर रोचक, नवीन एवं ज्ञानात्मक जानकारी दी जा रही है। उक्त अवसर पर डाइट व्याख्याता लखन उपरेलिया, प्रहलाद पटेल, वर्मा जी सहित मास्टर ट्रेनर एवं पी एम श्री विद्यालय के शिक्षको की उपस्थिति रही।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए